### एक नजर में

#### कुएं में गिरने से 12 वर्षीय बालक अभिनव की मौत



**सुठालिया 20 अगस्त, सं.** मलावर थाना क्षेत्र स्थित तरेनी गांव में बुधवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जहां 12 वर्षीय बालक अभिनव मीना पिता शरद मीना ग्राम तरेनी की कुएं में डूबने से मौत हो गई. हादसा सुबह लगभग 10 बजे उस वक्त हुआ जब अभिनव पास के एक कुएं में पैर धो रहा था और अचानक फिसलकर अंदर गिर गया. शरद मीना के अकेला लड़का होने की वजह से गांव में शोक की लहर फैल गई.

#### आज नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**पड़ाना 20 अगस्त, सं.** गुरुवार नगर के गांधी चौक टेंपो स्टैंड मां आशापुरी मंच परिसर में रोग निदान परामर्श केंद्र के तत्वाधान में एकदिवसीय आयुर्वेदिक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा. इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर दास एच परिहार प्रदेश अध्यक्ष ऑल इंडिया ग्रामीण चिकित्सा डॉ रवि सोनगरा, केसी यादव, अनिल उपाध्याय, जितेंद्र गरासिया, जन जागृति संपादक इत्यादि की उपस्थिति में माइग्रेन, लकवा, हृदय रोग, टीवी, अस्थमा, शुगर, ब्लड प्रेशर, लीवर, पथरी, थायराइड, बवासीर, पाचन तंत्र, सेक्सुअल वीकनेस, दांत एवं आंखों की समस्या स्त्री रोग इत्यादि का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा उपचार होगा.

#### बाइक रैली के साथ किया संतों का स्वागत

**खिलचीपुर 20 अगस्त, सं.** नगर में आज पंडित रोहित नागर, संत पागलदास, पंडित हरिनारायण वैष्णव के सानिध्य में पंचमुखी बजरंग बली मंदिर से कामखेड़ा बालाजी तक मोटरसाइकल यात्रा निकाली. यात्रा की शुरुआत में सभी संतो का स्वागत किया गया. खिलचीपुर नगर के मुख्य मार्गो से पैदल निकली यात्रा के दौरान पंडित रोहित नागर ने अपने संबोधन में कहा यह यात्रा हिंदू राष्ट्र के लिए आज खिलचीपुर से कामखेड़ा तक निकाली जा रही है, अगले वर्ष यहां यात्रा पूरे जिले में निकाली जाएगी पूरे जिले को भगवामय किया जाएगा. डीजे ढोल के साथ निकली गई यात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा एवं संतो का स्वागत ओर आरती की गई. यात्रा के दौरान पूरा नगर भगवा मय हो गया. इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक हजारीलाल दांगी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह, पूर्व राज्य मंत्री रघुनंदन शर्मा, मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय शर्मा, पार्षद ओमप्रकाश गुप्ता, संदीप शर्मा, जिला मंत्री ईश्वर सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, जनपद अध्यक्ष सुनील नैनवात भी इस यात्रा में शामिल हुए. नगर के भोजपुर नाके से यह यात्रा बाइक और चारपहिया वाहनों से कामखेड़ा पहुंची इसके बीच में आने वाले गांव दोलाज, भोजपुर, सेमली, सरहदी, घाटोली, अकलेरा में भी सनातन भक्तों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया. कामखेड़ा में महाआरती और भंडारे में भक्त शामिल हुए.

# नेशनल गेम्स की मेजबानी करेगा राजगढ़ जिला

## समर्पण का 'प्रतीक' है हमारी 'प्रतिभाएं': व्हॉलीबॉल, तीरंदाजी, शतरंज, खो-खो में आएंगी देशभर की टीमें





नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 20 अगस्त, का. राजगढ़ जिला कृषि, शिक्षा को लेकर सतत रूप से आगे बढ़ रहा है. लेकिन खेलों को लेकर यहां कोई प्रगति नहीं थी. प्रतिभाओं से सम्पन्न जिला सुविधाओं के अभाव में अपना नाम चमका नहीं पा रहा था. लेकिन अब बयार बदल रही है. सितंबर से नवंबर महीने तक जिले में नेशनल और स्टेट लेवल की खेल प्रतियोगिताएं होने जा रही है.**

देश भर से करीब 35 से अधिक अण्डर 19 टीमें विभिन्न खेलों व्हॉलीबॉल, खो-खो, तीरंदाजी, शतरंज आदि खेलों में भाग लेंगी और राजगढ़ जिला उनकी मेजबानी करेगा. इसकी तैयारियां बड़े स्तर पर शुरू हो चुकी है. जिले के खेल जगत में इसे लेकर खुशी व्याप्त है.

### तीसरी बार राज्य स्तर पर दमकेगी नरसिंहगढ़ की 'प्रतिभा'

**नरसिंहगढ़ 20 अगस्त, सं.** विंध्य पर्वत की शाखाओं से घिरे प्रकृति से सम्पन्न नरसिंहगढ शहर प्रतिभाओं से भी सम्पन्न रहा है. कला, संगीत, साहित्य और खेल में यहां की प्रतिभाओं ने समय-समय पर अपना लोहा मनवाया है. ऐसी ही एक नन्ही 'प्रतिभा' सामने आयी है जिसने खेल के क्षेत्र में लगातार तीसरी बार राज्य स्तर पर बिना किसी एकेडमिक ट्रैनिंग के अपना स्थान पक्का किया है. प्रतिभा पाठक नाम की यह बालिका नगर के बड़ा बाजार क्षेत्र में रहती है और कक्षा 10 वीं में पढ़ती है. प्रतिभा नगर के प्रवीण पाठक और श्रीमती यशोदा पाठक की बड़ी सुपुत्री है. प्रतिभा पाठक ने हाल ही में सीहोर में 18 ओर 19 अगस्त को आयोजित शतरंज की संभाग स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में भाग लिया. यहां उसने 5 में से 3 मैच जीते और 2 मैच ड्रॉ किए. टोटल 4 अंक लेकर वह टॉप पर रही. इस तरह लगातार तीसरी बार उसे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान तय कर लिया है. ऐसा करने वाली जिले की पहली जूनियर बालिका खिलाड़ी बन गई है. कु. प्रतिभा नगर के डीए पब्लिक स्कूल में पढ़ाई करती है. उसकी इस उपलब्धि पर नगर वासियों ने उसे अगले पायदान में विजयी होने की शुभकामनाएं दी है. प्रतिभा के दादा स्व. आरएन पाठक कवि के रूप में साहित्य से जुड़े रहे है. वहीं उसकी दादी संगीत के प्रति लगाव रखती थी. प्रतिभा की मां यशोदा पाठक ब्यावरा नगर से है. इसके पूर्व प्रतिभा बुरहानपुर में गत वर्ष राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में मात्र एक अंक से पीछे रहीं थी. इस बार वह कमीं दूर करने का प्रयास रहेगा.



*नरसिंहगढ़ की शतरंज खिलाड़ी प्रतिभा पाठक*

### 13 साल पहले शतरंज में नेशनल तक जा चुके हैं प्रतीक



खेलों के मामले में जिला शुरू से ही प्रतिभा सम्पन्न रहा है. लेकिन सुविधाओं के अभाव में ये प्रतिभाएं निखर नहीं पाई. बावजूद इसके कुछ खिलाड़ियों ने अपने हौसलें डिगने नहीं दिए. इनमें राजगढ़ के प्रतीक विजयवर्गीय भी है जो शतरंज में नेशनल लेवल पर 13 वर्ष पूर्व जा चुके है. वे शाला स्तर पर अण्डर 19 टीमें स्टेट की ओर से टीकमगढ़ में खेलने गए थे. उनके पिता भी खेल विभाग में कार्यरत थे और अच्छे शतरंज के खिलाड़ी थे. प्रतीक बचपन से ही इस खेल के प्रति आकर्षित थे. प्रतीक के अनुसार यदि सुविधाएं मिले और अकादमिक प्रशिक्षण मिले तो हमारे जिले की प्रतिभाएं नेशनल में विजयी हो सकती है. लेकिन अब बयार बदल रही है. यह अच्छे संकेत हैं कि पूरे देश भर की टीमें हमारे यहां खेलने आएंगी.

### इस तरह होगा शाला स्तरीय मिनी ओलंपिक

- जिला मुख्यालय राजगढ़ होगा आयोजन का केन्द्र, उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउण्ड पर 5 खेल मैदान होंगे तैयार.
- भोपाल से करीब 10 ऑब्जर्वर पहुंचेगे राजगढ़ जो आयोजन में पूरे समय मौजूद रहेंगे.
- व्हॉलीबॉल के सभी नेशनल टूर्नामेंट होंगे जिला मुख्यालय पर
- तीरंदाजी प्रतियोगिता का नेशनल टूर्नामेंट नरसिंहगढ़ में होगा आयोजन.
- खो-खो प्रतियोगिता के लिए सारंगपुर का चयन, पहुंचेंगी टीमें.
- सितंबर में राज्य और नवंबर माह में नेशनल टूर्नामेंट होंगे आयोजित.
- करीब 35 से अधिक टीमें केन्द्रीय विद्यालय, विद्या भारती, आदिवासी विकास संस्थान सहित देश के सभी राज्यों से पहुंचेंगी.
- जिले में मिनी ओलंपिक जैसा वातावरण आएगा नजर, हर भाषा, प्रांत के अण्डर 19 शाला स्तरीय खिलाड़ी पहुंचेंगे.
- राज्य स्तरीय खो-खो 19 वर्ष सारंगपुर में अक्टूबर में होगा.
- संभाग स्तरीय 24 और 25 सितंबर भोपाल संभाग की टीमें आएंगी

### स्टेट के बाद नेशनल टूर्नामेंट मिलना गर्व की बात



हमने पूर्व में 4-4 राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का सफल संचालन किया है. बाहर से आने वाले खिलाड़ियों को यहां बेहतर सुविधाएं दी. हमारी टीम और खिलाड़ियों की इस मेहनत और समर्पण का परिणाम है कि हमें अब बड़ा दायित्व मिला है. देश भर से हर प्रांत की अण्डर 19 टीमें आने वाली है और हम उनकी मेजबानी को तैयार है. हमारे लिए यह गर्व की बात है. तारीखों का जल्द ऐलान होगा. बारिश के बाद मैंदानों की संवार शुरू हो जाएगी. हमारे जिले की प्रतिभाएं देश में और देश की प्रतिभाएं जिले में कदम रखें यह हमारा सौभाग्य है.

**महेन्द्र सिंह परमार, जिला खेल अधिकारी राजगढ़**

### अपराधिक तत्वों के विरुद्ध बाउंड ओवर जारी

**राजगढ़ 20 अगस्त, का.** पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला दण्डाधिकारी, राजगढ़ को म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) के तहत कार्यवाही हेतु भेजे गये प्रस्ताव प्रतिवेदनों पर जिला दण्डाधिकारी, राजगढ़ द्वारा राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3(क) के तहत दिनांक 18.08.2024 को कुल 03 आदेश जारी किये गये हैं. जिसके माध्यम से जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपराधिक तत्वों के विरुद्ध बाउंड ओवर के अंतिम आदेश जारी. इसके तहत 03 आदतन आरोपियों के विरूद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत 01 वर्ष के लिए शांती एवं सदाचार बनाये रखने के लिए 50 हजार रूपये की सक्षम जमानत प्रस्तुत करने एवं इतनी राशि का बंधपत्र निष्पादित किये जाने के आदेश जारी किये गये है, उक्त आदतन आरोपियों की सूची निम्नानुसार है. इन अपराधियों में बनवारी तंवर पिता देवलाल तंवर निवासी ग्राम बेड़ीबेह, थाना भोजपुर, जिला राजगढ़, हजारी तंवर पिता सावलिया उर्फ सांवरलाल तंवर निवासी ग्राम बेड़ीबेह, थाना भोजपुर, जिला राजगढ़, बीरम पिता भंवरलाल वर्मा निवासी ग्राम हरिपुरा नजदीक थाना खिलचीपुर जिला राजगढ़ शामिल है. उपरोक्त आदतन अपराधियों के विरूद्ध थानों में दर्ज पूर्व के आपराधिक प्रकरणों के आधार पर यह कार्यवाही की गई है.

# सियार के हमले से दहशत में आए ग्रामीणजन

**बोड़ा क्षेत्र के ग्राम न्यूनयाहेड़ी में दो लोगों पर किया हमला एक ग्रामीण मुकाबला करते हुए भिड़ गया सियार से रक्षाबंधन पर भी एक व्यक्ति पर कर चुका सियार हमला**





नवभारत न्यूज

**बोड़ा 20 अगस्त, सं. बोड़ा थानांतर्गत भैंसाना रोड पर मंडावर से करीब 4 किमी दूर ग्राम न्यूनयाहेड़ी में एक सियार ने मंगलवार को दो लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया. इनमें से एक ग्रामीण मुकाबला करते हुए सियार से भीड़ गया. इसके पूर्व रक्षाबंधन के दिन भी एक व्यक्ति पर सियार ने हमला किया था. लगातार सियार के हमले से लोगों में दहशत का वातावरण बना हुआ है.**

जानकारी के अनुसार न्यूनयाहेड़ी गांव में सियार ने गांव के राजाराम यादव पर उनके खेत स्थित घर के बाहर हमला कर दांत और पंजे से उन्हें घायल कर दिया. उनके हाथ में चोट आई है. जबकि गांव के अमृतलाल यादव के ऊपर उस समय हमला किया जब वह खेत के कुंए के यहां थे. हमले में उनके चेहरे पर चोट आई है.

**सियार से भिड़ गये ग्रामीण-** जानकारी के अनुसार सियार का हमला होते देख अपना बचाव करते हुए ग्रामीण सियार से भिड़ गये. हमले में ग्रामीण के चेहरे पर चोट आई है. इसके पूर्व रक्षाबंधन के दिन गांव के पवन यादव के ऊपर भी सियार ने उस समय हमला कर दिया जब वह मोबाइल से बात कर रहे थे. जानकारी के अनुसार हमला करने वाले सियार की भी मौत होने की बात कही जा रही है.

**नहीं पहुंचा कोई जिम्मेदार-** ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी नरसिंहगढ़ वन विभाग को दी गई किंतु आज दिनांक तक विभाग का अमला मौका मुआयना करने गांव नहीं पहुंचा. सरपंच महेश यादव के अनुसार सियार के हमले में दो ग्रामीण घायल हो इसके पूर्व रक्षाबंधन के दिन एक व्यक्ति पर सियार ने हमला किया था. घटना की जानकारी वन विभाग को दे दी गई है.

### 3 किलोवॉट रूफ सोलर लगाने पर 78 हजार की सब्सिडी

**राजगढ़ 20 अगस्त, का.** ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (एमपीयूवीएनएल) के एमडी ने कहा है कि ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में प्रदेश निरंतर बेहतरीन कार्य कर रहा है. प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने के लिये शासन प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रहा है. योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाने पर शासन द्वारा 78 हजार रूपये की सब्सिडी का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है. एमडी ने जनता से अपील की है कि पोर्टल पर आवेदन करे.

### बछ बारस पर गाय और बछड़े की पूजा

**कुरावर 20 अगस्त, सं.** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष से भी बुधवार को बछ बारस पर्व पर महिलाओं ने श्रद्धा और भाव के साथ गद्यय और बछड़े की पूजा की श्री कृष्ण भगवान को गय और बछड़े से बड़ा प्रेम था ऐसा शास्त्र में लिखा हुआ है इसलिए यहा पर्व बड़े हर्षोल्लाह के साथ महिलाएं मानती है. बछ बारस के दिन गाय और बछड़े की पूजा करने से भगवान कृष्ण सहित गाय के अंदर विराजमान सैकड़ो देवी देवता का आशीर्वाद मिलता है

# भानपुरा के प्राचार्य, लेखापाल के निलंबन आदेश जारी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 20 अगस्त, का.** अपने विभागीय साथी के अनुकम्पा प्रकरण में लापरवाही करने और 1 लाख रूपए की शासन द्वारा दी जाने वाली राशि में गंभीर लापरवाही बरतने के मामले की शिकायत के बाद कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने जीरापुर विकासखण्ड के भानपुरा शासकीय सकूल के प्राचार्य रमेशचंद्र दांगी और लेखापाल जगदीश बैरागी के विरूद्ध निलंबन के आदेश जारी कर दिए है. मामले में विभागीय कार्य में गंभीर लापरवाही की बात साबित होने पर कार्यवाही के आदेश दिए है.

जानकारी के अनुसार स्व बने सिंह वर्मा सहायक अध्यापक शा प्रावि भानपुरा का सेवाकाल में निधन हो गया था. उनके स्थान पर उनके आश्रित नरेन्द्र वर्मा को शासन के आदेशनुसार अनुकम्पा नियुक्ति के स्थान पर एकमुश्त आर्थिक सहायता 1 लाख रूपए स्वीकृत की गई थी. इस संबंध में जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा 10 जुलाई को आदेश भी जारी किया था.







# हस्तशिल्पियों के लिए लगाई चौपाल

**पड़ाना 20 अगस्त, सं. सहायक निदेशक हस्तशिल्प भोपाल की ओर से आयोजित चौपाल हस्तशिल्पियों के साथ परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को आवास कालोनी स्थित आजीविका मिशन परिसर में तथा मगराना ग्राम पंचायत में किया गया**





चौपाल का मुख्य उद्देश्य कार्यालय विकास आयुक्त की योजनाओं की जानकारी अंतिम लाभुको तक पहुंचाना है साथ ही नए क्लस्टर के लिए आवश्यक इंटरवेंशन का आकलन कर मुख्यालय कार्यालय को प्रस्ताव भेजना है. जिनमें नए ग्रामीणों को शिल्पी पहचान कार्ड बनाना एवं मुद्रा योजना की जानकारी देना भी चौपाल का अहम हिस्सा रहा चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच गोकुल प्रसाद दुगारिया विशेष अतिथि मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक पड़ाना के मैनेजर नीरज जाटव सहित नवाब अंसारी शिव प्रसाद मालवीय कैलाश ट्रेलर कुरैश अंसारी धर्मेंद्र गुर्जर ने की. विकास आयुक्त हस्तशिल्प भोपाल के सहायक निदेशक नरसिंह सैनी ने बताया कि भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय की ओर से शिल्पकारियों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है इन योजनाओं का लाभ लेते हुए शिल्पकार अपने स्वरोजगार की शुरुआत कर सकता है. भोपाल से आयी श्रीमती विजयलक्ष्मी ने शिल्पकारियों को हैंडीक्राफ्ट आईडी कार्ड से लेकर विभाग की तमाम योजनाओं की जानकारी महिलाओं को दी गई. मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक पड़ाना के मैनेजर नीरज जाटव ने बैंक की ओर से हस्तशिल्प कारियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई.